तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026



02 सरपंचों का शैक्षणिक भ्रमण से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास...



04 भाजपा ने जरूरतमंदों को बांटी ट्रायसिकल, व्हीलचेयर...



## खबर संक्षेप



### 40 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**छुईहा-बेलर।** क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फिंगेश्वर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम कुण्डेल में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बेच रहे एक युवक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में देशी शराब बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार, लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि ग्राम कुण्डेल में अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा है। थाना प्रभारी चिंता राम देशमुख के नेतृत्व में गठित टीम ने योजनाबद्ध तरीके से मौके पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने खिलेश्वर घृतलहरे 30 वर्ष को अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकड़ा। पुलिस की तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी मशाला शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब को जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला कायम किया गया है। गिरफ्तारी के पश्चात आरोपी को स्थानीय न्यायालय में पेश किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय के आदेश पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### शुल्क वृद्धि की मांग को लेकर निजी स्कूलों का आंदोलन तेज

**महासमुंद।** आरटीई (शिक्षा का अधिकार) के तहत प्रवेशित बच्चों की फीस में बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर निजी स्कूल संचालकों ने आंदोलन तेज कर दिया है। इसी कड़ी में 17 अपैल को सभी निजी स्कूलों के संचालक एवं शिक्षक काली पट्टी बांधकर कार्य किया। वहीं 18 अप्रैल को प्रदेश सहित जिले सभी निजी स्कूल पूर्णतः बंद रखे जाएंगे। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के बैनर तले यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। एसोसिएशन के महासमुंद ब्लाक अध्यक्ष माधवराव टांकसाले, ब्लाक सचिव एम आर विश्वनाथन और कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी ने बताया कि 14 अप्रैल को आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

### पटवारी का रिश्वत वाला ऑडियो-वीडियो वायरल

**राजिम।** गरियाबंद जिले में भ्रष्टाचार को लेकर एक के बाद एक खुलासों से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस विभाग में हालिया कार्रवाई के ठीक एक दिन बाद अब राजस्व विभाग भी सवालों के घेरे में आ गया है। छुरा क्षेत्र में पदस्थ एक पटवारी का कथित रिश्वत से जुड़ा ऑडियो-वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि इस ऑडियो-वीडियो की पुष्टि हरिभूमि नहीं करता है। जानकारी के मुताबिक वायरल आडियो में पटवारी खुद रिश्वत लेने की बात करते हुए सुनाई दे रहा है। आडियो के अनुसार नक्शा काटने के एवज में पटवारी ने पैसे की मांग की है, युवक द्वारा जब पांच हजार अभी देने की बात कही गई तो पटवारी ने कहा और बाकी कैसे करोगे। नक्शा काटने के बाद अप्रूवल के लिए तहसीलदार और आरआई के पास जाता है, इसलिए देना पड़ेगा। इतना ही नहीं, वह कथित तौर पर यह भी कह रहा है कि ली गई रकम का हिस्सा तहसीलदार और आरआई तक पहुंचाना पड़ता है। वायरल ऑडियो में पटवारी द्वारा ऊपर तक सेटिंग और पैसे पहुंचाने की बात सामने आने से मामला और गंभीर हो गया है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि रिश्वतखोरी शेष पेज 2 पर

# संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण बिल पास होने से बढ़ता महिलाओं का दायरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के केंद्र सरकार के ऐतिहासिक फैसलें का भाजपा मंडल मलेवाअंचल महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमलता ध्रुव ने स्वागत किया है। उन्होंने इसे देश के लोकतांत्रिक इतिहास का मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह निर्णय महिलाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में स्थापित करेगा। हालांकि संसद में हुए मदतान के बाद महिला आरक्षण बिल ध्वस्त हो गया है।

भाजपा मंडल मलेवा अंचल के उपाध्यक्ष टिकेश्वरी कोमर्रा ने कहा बिल पास होने से महिलाएं केवल राजनीति का हिस्सा नहीं रहेगी, बल्कि देश

**प्रस्ताव पर क्षेत्र की महिलाओं ने जारी की प्रतिक्रिया**









का नेतृत्व करेंगी। उन्होंने बताया कि यह फैसला दशकों से लंबित मांग को पूरा करता है। देश की आधी आबादी को बराबरी का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं घर की चौखट तक सीमित नहीं रहेगी।

कुडेरादादर क्षेत्र के जनपद सदस्य और भाजपा नेत्री बिमला नागेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय महिला सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे महिलाओं को निर्णय लेने में बराबरी का अधिकार मिलेता। कनसिघी के जनपद सदस्य मिलन्तीन कुंजाम ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से शासन में संवेदनशीलता और पारदर्शिता आती। शिक्षा, शेष पेज 2 पर

### मुड़गेलमाल, स्याहीडोंगरी, भाठीगढ़, कोदोभाठ, अड़गड़ी, कोसममुड़ा को सड़क की मिली सौगात

# मुख्यमंत्री साय ने किया गरियाबंद जिले की 7 नई सड़कों का वर्चुअल भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में आज रणजीता स्टेडियम जशपुर से प्रदेश स्तरीय प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस 4 के कार्यों का वर्चुअल रूप में भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने प्रदेश के स्वीकृत 774 सड़कें जिसकी कुल लंबाई 2426.875 किलोमीटर और लागत 2 हजार 225 करोड़ 44 लाख रूपये है। जिला मुख्यालय के सभाकक्ष में वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के 7 सड़कों, जिसकी लंबाई 18.08 किलोमीटर और लागत 14 करोड़ 23 लाख 65 हजार रूपये का अतिथियों ने विधिवित पूजा–अर्चना कर बारहमासी सड़क संपर्क प्रदान करने वाले इन कार्यों का शुभारंभ किया गया। बिन्द्रनवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका परिषद के

- ग्रामीणों में भारी उत्साह



**बनने वाली सड़कों की लंबाई व लागत**

छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि इसके अंतर्गत विकासखण्ड देवभोग के सुपेबेड़ा से परेवापाली तक सड़क की लंबाई 1.56 किलोमीटर बनेगी। जिसकी लागत 1 करोड़ 25 लाख 26 हजार रुपये है। इसी प्रकार विकासखण्ड गरियाबंद के मरदाकला से कारीडोंगरी तक की लंबाई 3.30 किलोमीटर है। जिसकी लागत 2 करोड़ 72 लाख 44 हजार रुपये, रावनडिग्गी से सेम्हरा तक की लंबाई 2.71 किलोमीटर जिसकी लागत 1 करोड़ 85 लाख 11 हजार रुपये है। विकासखण्ड मैनपुर के मुड़गेलमाल से स्याहीडोंगरी तक की लंबाई 3.34 किलोमीटर है। जिसकी लागत 3 करोड़ 66 हजार रुपये, भाठीगढ़ से भटगांव तक की लंबाई 0.86 किलोमीटर 64 लाख 73 हजार रुपये, कोदोभांठ से साल्हेभांठ 2.49 किलोमीटर एवं 2 करोड़ 5 लाख 72 हजार रुपये तथा अड़गडी जरहीडीह से कोसमबुडा 3.82 किमी एवं 2 करोड़ 69 लाख 63 हजार रुपये निर्धारित है।

अध्यक्ष रिखीराम यादव, कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, नगरपालिका के उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, सुरेन्द्र सोनटेके, जिला पंचायत सदस्य लेखराम ध्रुर्वा, श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष श्रीमती मीरा ठाकुर, मैनपुर क्षेत्र के भाठीगढ़ सरपंच श्रीमती पुष्पा नेगी, देशबंधु नायक, छग ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के कार्यपालन अभियंता अभिषेक पाटकर सहित बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस दौरान बिन्द्रनवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि आने वाले समय में 34 और नई सड़कों की मांग की जाएगी। बिन्द्रनवागढ़ क्षेत्र के कुछ गॉवों में सड़क नहीं बनने से काफी असुविधा रही है। वनग्रामों में भी सड़क बननी चाहिए। ताकि ग्रामीणों को अधिक शेष पेज 2 पर

## दुलना मोड़ में भूसे से भरा ट्रक पलटा, चालक हेल्पर दोनों घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

नवापारा क्षेत्र में रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए भी वाहन चालक बाज नहीं आ रहे हैं। कुरूद मार्ग पर दुलना मोड़ के पास हुए ट्रक हादसे में चालक और हेल्फर घायल हो गए। बताया गया है कि चालक मोड़ के पास गाड़ी को नियंत्रित नहीं कर पाया और यह दुर्घटना हो गई। भुसा से भरा ट्रक कुरूद की ओर से नवापारा की तरफ आ रही थी, जो तेज रफ्तार के कारण सड़क किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए पलट गई। भुसा सड़क पर फैल गया। आवाज सुनकर लोगों की भीड़ लग गई चालक और हेल्फर को बाहर निकाला। गनीमत रहा कि दोनों की जान बच गई। मालूम हो कि नवापारा-राजिम एक ऐसा सिटी है, जहां सड़कें कई जगहों से घुमावदार मोड़ वाला बना हुआ है। बावजूद गाड़ी चालक मोड़ वाले हिस्से में भी रफ्तार कम नहीं करते मसलन धमतरी की ओर से कुरूद होते हुए आओ तो कम से कम दस स्थानों पर गंभीर घुमावदार मोड़ है, जिसमें से दुलना और पटेवा की ओर मुड़ने वाला सड़क एल साइज से भी ज्यादा खतरनाक है। दुलना की ओर मुड़ने पर बस्ती से थोड़ा आगे नवापारा की तरफ और भी ज्यादा घुमावदार है। ठीक यही हाल पटेवा की ओर से नेशनल हाईवे 130 नवापारा-रायपुर मार्ग में पहुंचने पर मोड़ है। यहां भी प्रायः दुर्घटना होती रहती है। ठीक यही हाल नगर पालिका चौराहा, सोमवारी बाजार तिगड्डा, शेष पेज 2 पर

# अवैध शराब और गांजा बेचने या पीने पर लगेगा 5000 रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

नवापारा क्षेत्र के ग्राम टीला में पंच परमेश्वरों और ग्रामीणों ने सामाजिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक और कड़ा निर्णय लिया है। गांव में अवैध शराब और गांजा की बिक्री व सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया है। अब यदि किसी भी व्यक्ति के खिलाफ इस तरह की शिकायत सामने आती है, तो उस पर सीधे 5000 का जुर्माना लगाया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों नशा मुक्ति अभियान के तहत विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सख्त निर्णय लिया गया। इस दौरान पंच-परमेश्वर, वरिष्ठ नागरिकों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि नशे के कारण गांव का सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है, जिससे परिवारों में विवाद, आर्थिक नुकसान और युवाओं का भविष्य प्रभावित होता दिख रहा है। इस निर्णय का मातृशक्ति ने खुलकर समर्थन करते हुए स्वागत किया है। मातृशक्तियों का कहना है कि अवैध शराब और गांजा के कारण घर-परिवारों में अशांति फैल रही थी। अब इस निर्णय शेष पेज 2 पर



**जनहित में टीला पंचायत का कड़ा फैसला**

# आईआईटी भिलाई में तराशे गए छग के 148 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ के अनेकों पीएमश्री स्कूल अंतर्गत अध्यापन कार्य का रहे विज्ञान एवं गणित शिक्षकों का क्षमता विकास हेतु एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी में पारंगत बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार पीएमश्री राज्य प्रभारी आशीष गौतम के साथ छत्तीसगढ़ के 148 विज्ञान एवं गणित शिक्षकों ने आईआईटी भिलाई में प्रशिक्षण प्राप्त किया। भारत सरकार द्वारा संचालित पीएमश्री स्कूल जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी रूप से लागू करना और देशभर में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। पीएमश्री स्कूल, अन्य स्कूलों के लिए रोल मॉडल होंगे ताकि शिक्षा में समानता और गुणवत्ता लाई जा सके जहाँ डिजिटल लर्निंग, स्मार्ट क्लास, लैब्स, ग्रीन स्कूल, खेल और कौशल शिक्षा जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराया जा रहा है। परीक्षा आधारित शिक्षा से हटकर प्रयोगात्मक और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देना एवम ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना। पीएमश्री स्कूल में सेवायें प्रदान कर रहे शिक्षकों को भी नई शिक्षा नीति के अनुरूप प्रशिक्षित करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से राज्यभर से 148 शिक्षकों का प्रशिक्षण आईआईटी भिलाई में आयोजित हुई है, जिसमे शिक्षकों को सिक्योरिटी, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, स्मार्ट लैब थ्रीडी प्रिंटर, नेचर लैब, गूगल क्लास रूम, सायबर सायकोलाजिकल इंपैक्ट, ड्रोन टेक्नोलॉजी, ऑनलाइन प्लेटफार्म आधारित बेहतर कक्षा संचालन के तरीके सिखायें गए एवं आईआईटी लैब का अवलोकन करवाया गया। समापन इसके साथ छत्तीसगढ़ के चयनित पीएमश्री विद्यालयों से148 शिक्षक भी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता प्रदान किए एवं सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। समारोह में शिक्षकों द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण पर अपना फीडबैक प्रस्तुत किया। इस आयोजन में विशेष रूप से आशीष गौतम ,पीएमश्री राज्य प्रभारी एवम राज्य सहायक कार्यक्रम समन्वयक,अनुराग जॉन एस्कॉट ,श्वेता सिंह एस्कॉर्ट ,अभिषेक सहारे जोन लीडर दुर्ग ,नितेश शर्मा जोन लीडर रायपुर ,पारुल ओझा जोन लीडर बिलासपुर ,अमरीन जोन लीडर सरगुजा ,नोहर देवांगन जोन लीडर बस्तर की विशेष सहभागिता रही।



**पीएमश्री स्कूलों में अब 'ड्रोन' और '3 डी प्रिंटिंग' से पढ़ेंगे बच्चे**

### एनीकट के जलभराव ने छीनी कछार की खेती, अब 'हाइब्रिड' के भरोसे बाजार

# पारंपरिक खेती खत्म होते ही अंचल से स्वादिष्ट कलिंदर नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम में महानदी की कछार कभी मीठे रसीले कलिंदर और खीरा, ककड़ी के लिए न केवल प्रदेश में मशहुर रहा है, बल्कि दीगर प्रदेशों में भी इसे खूब पसंद किया जाता रहा है। ये अब बीते जमाने की बात हो गई। लोग लोकल कलिंदर खाने के लिए तरस गए हैं। खीरा तो हाइब्रिड हो गया है। आने के लिए बाजार में ये जिन्स आ रहे हैं मगर वैसा स्वाद हरगिज नहीं है। अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। महानदी पर बने चौतरफा एनीकट ने जहां एक ओर जल संरक्षण का रास्ता खोला, वहीं दूसरी ओर कछार की पारंपरिक खेती को लगभग खत्म कर दिया है। नदी के किनारों पर जो रेतीली जमीन हर साल फसलों से पट जाती थी, आज वहां पानी का स्थायी जमाव है। नतीजा यह है कि जहां कभी कलिंदर की खुशबू आती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा हुआ है। स्थानीय किसानों का कहना है कि पहले कम लागत में अच्छी आमदनी हो जाती थी। कछार की जमीन में उगने वाली फसलें स्वाद और गुणवत्ता में अलग पहचान रखती थीं। लेकिन एनीकट बनने के बाद अब न तो कलिंदर की खेती संभव है और न ही पहले जैसी आय। राजिम की पहचान रही कछारी खेती धीरे-धीरे इतिहास बनती जा रही है। जिन स्पॉट में कभी जीवन की हलचल थी, वे आज बंजर जैसा हो गया हैं। विशेषज्ञों का मानना है शेष पेज 2 पर

**ग्राहक देख-देख कर कम ज्यादा होती है कीमत**



राजिम और नवापारा शहर के सड़क किनारे एक नहीं, कईयों जगह कलिन्दर का ढेर लगा हुआ है। जैसा गर्मी सर चढ़कर बोलने लगा है वैसा ही कलिंदर के रेट भी बढ़ा हुआ है। वैसे कलिन्दर की आवक महीने भर पहले से ही शुरू हो गई है। व्यवसायी के मार्फत बाजार पहुंच रहा है, लिहाजा रेट बढ़ना स्वाभाविक ही है। कलिन्दर बेचने वाले, ग्राहकों को देखकर भी भाव को कम-ज्यादा करते हैं। एक पसरा वाले का कहना है कि कलिन्दर का रेट ग्राहक को देखकर कम-ज्यादा कर लिया जाता है। सायकल में आते हैं, तो उनका रेट कम रहता है। यदि बाइक से आए, तो थोड़ा बढ़ जाता है और कार वाला हो गया, तो समझो उसी कलिन्दर का रेट हाई हो जाता है। यह सीजनल धंधा है। रोड के ऊपर ही इनकी रातें भी कटती हैं, क्योंकि इतने सारे कलिन्दर को फिर से घर ले जाकर यहां पर लाया तो जा नहीं सकता। कलिन्दर ले रहे कुछेक ग्राहकों से मौके पर इस संवाददाता ने पूछा कि कलिन्दर का रेट कैसा है? जवाब मिला, बहुत महंगा।



# नवापारा में भगवान परशुराम जयंती कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

ब्राह्मण समाज द्वारा कल 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर विप्र भवन में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नवापारा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न्न शर्मा ने बताया कि सुबह 9 बजे पूजा कार्यक्रम होगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे। मातृशक्तियां भी पूजा में मौजूद रहेंगी। 10 बजे मोक्ष रथ एवं शव फ्रीजर का लोकार्पण किया जाएगा। पश्चात प्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ होगी, जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।



राजिम। राजिम के पथर्रा रोड स्थित विप्र सामाजिक भवन में 19 अप्रेल को सुबह 8.30 से 11 बजे तक भगवान श्री परशुराम के पूजा का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी देते हुए राजिम ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि 20 अप्रैल सोमवार को भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शाम 4 बजे रानी श्यामकुमारी देवी धर्मशाला से प्रारंभ होकर गायत्री मंदिर, रेस्ट हाऊस मार्ग, पं. श्यामाचरण शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप



### जानकी मंदिर में प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा पर निकाली कलशयात्रा

**छुईहा–बेलर।** ग्राम बलरामपुर (बिड़ोरा) में नव-निर्मित भव्य श्रीराम-जानकी मंदिर के मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत शुक्रवार को कलशयात्रा और शोभायात्रा के साथ हुई। 17 से 20 अप्रैल तक आयोजित इस चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में मानसगान सम्मेलन भी आयोजित किया जा रहा है।

शुक्रवार सुबह निकाली गई कलशयात्रा में गांव की महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर पूरे ग्राम का भ्रमण किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने गांव के विभिन्न देवी-देवताओं का आमंत्रण किया और तालाब से जल भरकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

इस धार्मिक आयोजन का मार्गदर्शन महंत श्री राम सुन्दर दास जी महाराज, दुग्धाधारी मठ रायपुर एवं संत गोवर्धन शरण व्यास के सान्निध्य में किया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना और मानसगान का आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारियों और व्यवस्थाओं में सरपंच अमिता यदु, पूर्व सरपंच मनोज यदु, ग्राम अध्यक्ष धीरज शर्मा, मंदिर समिति अध्यक्ष लेखराम साहू, कमल भारतीय एवं मंच संचालक डोमन भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

गौरतलब है कि नव-निर्मित श्रीराम-जानकी मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह है और आसपास के गांवों से भी श्रद्धालुओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

### सिर्रीकला में नवीन सहकारी समिति का वर्चुवल शुंभारंभ



**फिंगेश्वर।** प्राथमिक कृषि सहकारी समिति भसेरा से पृथक होकर पूर्णकालिक नवीन सहकारी समिति सिर्रीकला का वर्चुअल उद्घाटन हुआ। प्रदेश के कुल 515, जिले के सभी 11 नए सहकारी समिति का वर्चुअल उदघाटन प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय के करकमलों से हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे ईश्वर लाल साहू ने किसानों से कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ही एक ऐसी सरकार है, जो सभी वर्गों के साथ साथ किसानों के अन्न की चिंता करते हुए गांव गांव में नवीन समिति का गठन कर रही है। अब किसानों को धान बेचने के लिए परेशानी नहीं होगी। नवीन सहकारी समिति सिर्रीकला के बारे में बताया कि नवगठित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के कुल आश्रित 4 ग्राम सिर्रीकला, पोलकरा,रोबा एवं पेंड्रा है। कुल सदस्य 1203, ऋणी किसान 520, सदस्यों का शेयर जमा 31,32026 तक 2383444 रूपया एवं सदस्यों का ऋण शेष 31,3,2026 तक 8927538.50,सदस्यों के मध्यकालीन ऋण शेष 31,3,2026 तक 11900.00 रु। कुल धान उपार्जन वर्ष 2025,26 में 46520.80 क्विंटल, लाभान्वित किसान 911 है। कुल ऋण वितरण खरीफ एवं रबी। नकद 18504800 रु, खाद 8768072.50 योग 27272872.50।गोदाम संख्या 1(500 मि.टन),उपार्जन केंद्र संख्या 1 पोलकर्रा, उपभोक्ता दुकान संख्या,1 पेंड्रा,कुल पंजीकृत किसान 934 रकबा 955 हेक्टेयर अन्य संसाधन ट्यूबवेल, शौचालय इत्यादि है। कार्यक्रम को जिला पंचायत के सभापति नंदनी कोमल ढीढी ने कहा कि नवीन समिति के माध्यम से किसानों को सहूलियत होगी। उन्होंने भाजपा सरकार के विकास कार्यो की जमकर प्रशंसा की।

## भ्रमण : प्रतिनिधियों ने शिक्षा से जुड़े विभिन्न संस्थानों का किया अवलोकन

# सरपंचों के शैक्षणिक भ्रमण से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को मिलेगी नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

गरियाबंद जिले के सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं तीनों विकासखंड-फिंगेश्वर, गरियाबंद और छुरा के सरपंचों का संयुक्त शैक्षणिक भ्रमण इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस दल में महिला सरपंचों की सक्रिय भागीदारी ने इस पहल को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। ग्रामीण विकास की सोच को नई दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित यह भ्रमण राजधानी रायपुर में हुआ, जहां प्रतिनिधियों ने उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न संस्थानों का गहन अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान सरपंचों ने शैक्षणिक संस्थानों में संचालित आधुनिक व्यवस्थाओं, डिजिटल शिक्षण पद्धतियों, नवाचार आधारित प्रयोगों और कौशल विकास कार्यक्रमों को नजदीक से देखा और समझा। सरपंचो ने यह भी जाना कि किस प्रकार छात्रों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे वे पढ़ाई के साथ-साथ अपने भविष्य को सुरक्षित बना सकें। इस अवसर पर सरपंचों ने विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं-जैसे स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, प्रशिक्षण केंद्र, कैरियर काउंसलिंग और तकनीकी शिक्षा-का अवलोकन किया। इन व्यवस्थाओं ने सरपंचो को गहराई से प्रभावित किया और उन्होंने इसे ग्रामीण क्षेत्रों में लागू करने की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार किया। भ्रमण का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और युवाओं को बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराना रहा।

फिंगेश्वर ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू ने हरिभूमि से अनुभव साझा करते हुए बताया कि गांवों में भी यदि इस प्रकार के नवाचार और योजनाएं लागू की जाएं, तो शिक्षा का स्तर उल्लेखनीय रूप से सुधर सकता है साथ ही, युवाओं को स्थानीय स्तर पर भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। महिला सरपंचों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज के समग्र विकास की कुंजी है और इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से उन्हें अपने गांवों में बेहतर योजनाएं लागू करने की प्रेरणा मिली है। कुल मिलाकर यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि यह शैक्षणिक भ्रमण केवल एक औपचारिक यात्रा नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ।

### गांवों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए ठोस रणनीति



सरपंच अब अपने-अपने गांवों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए ठोस रणनीति के साथ लौट रहे हैं। यह पहल निश्चित रूप से ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में एक नई शुरूआत का संकेत है, जिससे आने वाले समय में गांवों के युवाओं को बेहतर अवसर और सशक्त भविष्य मिल सकेगा। मालूम हो कि इस महत्वपूर्ण भ्रमण के दौरान सरपंचों ने शहरी विकास कार्यों, आधुनिक व्यवस्थाओं, स्वच्छता प्रबंधन, जल आपूर्ति प्रणाली एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का भी गहन अवलोकन किया। इस दौरान आपसी समन्वय और अनुभवों का आदान-प्रदान भी हुआ। भ्रमण के दौरान सरपंचों ने स्मार्ट सिटी के विभिन्न मॉडल, नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली, डिजिटल व्यवस्थाओं तथा जनहितकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन को नजदीक से समझा। साथ ही उच्च शिक्षा से जुड़े संस्थानों में संचालित व्यवस्थाओं, नवाचारों, कौशल विकास कार्यक्रमों एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए नई दिशा प्राप्त हुई। आपसी चर्चा के माध्यम से यह भी विचार-विमर्श किया गया कि इन शहरी एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं को ग्रामीण स्तर पर किस प्रकार प्रभावी रूप से लागू किया जा सकता है, विशेषकर युवाओं को बेहतर शिक्षा, मार्गदर्शन एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के संदर्भ में। सरपंचो ने एक स्वर में कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस अनुभव का लाभ सीधे तौर पर ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में देखने को मिलेगा। यह शैक्षणिक भ्रमण न केवल ज्ञानवर्धन का माध्यम बना, बल्कि सभी सरपंचों के बीच सहयोग, समन्वय एवं विकास के प्रति नई ऊर्जा का संचार करने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ। इस अवसर पर फिंगेश्वर सरपंच संघ के संरक्षक सुखदेव साहू, अध्यक्ष हरीश साहू, गरियाबंद के सरपंच संघ के अध्यक्ष कोमल नेताम एवं छुरा विकासखंड के सरपंच साथी एवं सचिव शामिल थे।

## नपं में पकड़ी विकास की रफ्तार : लुकेश्वरी

**छुरा।** नगर पंचायत में पूर्व नगर अध्यक्ष खोमन चंद्राकर के कार्यकाल में रखी गई विकास की मजबूत नींव पर वर्तमान अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद द्वारा अधूरे कार्यों को तेजी से पूर्ण कराया जा रहा है।



सरगबुंदिया तालाब सौंदर्यीकरण, पौधारोपण, आवास पारा वार्ड 02-03 में सीसी रोड निर्माण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था एवं पेयजल सुविधा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया गया है। कांग्रेस शासनकाल में उपेक्षित रहे आवास पारा क्षेत्र, जहां वर्षों तक विकास कार्य ठप थे, वहां अब सड़क एवं मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर क्षेत्रवासियों को सीधा लाभ पहुंचाया गया है।

आवास पारा में जंगल जैसी स्थिति में रह रहे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नगर अध्यक्ष द्वारा अरुण साव एवं रोहित साहू से चर्चा की गई। इस दौरान पट्टा एवं आवास समस्या के समाधान पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। सरकार द्वारा इस विषय को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया गया तथा आबादी भूमि पर पट्टा वितरण के लिए भी चर्चा की गई।

वर्तमान अध्यक्ष द्वारा लगातार वार्डों का भ्रमण कर जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। आत्मानंद स्कूल की साफ-सफाई, मुरम रोड निर्माण, अटल परिसर, फव्वारा, रानी दुर्गावती चौक एवं किलकारी गार्डन जैसे कार्य नगर की नई पहचान बनते जा रहे हैं। विधायक रोहित साहू के प्रयासों से पेयजल व्यवस्था हेतु पानी टैंकर उपलब्ध कराए गए हैं तथा लगभग 1 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का वर्क ऑर्डर जारी हो चुका है, जिनका कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। पूर्व सभापति थानसिंह निषाद ने बताया कि भाजपा सरकार में छुरा नगर का विकास तीव्र गति से हो रहा है और इसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है।

## चिचिया को मिली नवीन सहकारी समिति की सौगात



### मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल शुभारंभ, किसानों को मिलेगी सुविधाओं की नई राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा प्रदेश भर के किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में 515 नवीन सहकारी समितियों का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसी कड़ी में देवभोग विकासखंड के ग्राम चिचिया में नवीन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कार्यालय का भव्य शुभारंभ किया गया। चिचिया में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शोभाचंद पात्र और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने पूजा-अर्चना कर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, किसानों और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के वर्चुअल संबोधन को सुना, जिसमें उन्होंने प्रदेश की कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ करने का संकल्प दोहराया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कहा कि सुशासन की यह सरकार गांव, गरीब और किसान के हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा क्षेत्र के किसानों को कृषि कार्यों के लिए अब लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। चिचिया में नई समिति खुलने से खाद, बीज और अन्य सहकारी सुविधाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर ही सुचारू रूप से मिल सकेगा। यह कदम कृषि व्यवस्था को और अधिक सुविधाजनक बनाएगा।

आदिम जाति सहकारी समिति की सौगात मिलने से अंचल के किसानों में खुशी का माहौल है। किसानों का मानना है कि इस नई व्यवस्था से उनका समय बचेगा और कृषि संबंधी कार्यों में पारदर्शिता आएगी। इस अवसर पर अजजा मोर्चा जिला महामंत्री जितेंद्र मांझी, सरपंच फोटो मांझी, सरपंच शोभाराम मांझी, सरपंच रोशनी प्रधान, तेतलखुंटी सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी जयसिंह ठाकुर और शाखा प्रबंधक दुष्यंतराव इंगले विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कोपरा के लापता युवक का जंगल में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद/कोपरा

नगर पंचायत कोपरा के लापता युवक का शव छुरा थाना क्षेत्र के गायडबरी–पीपरछेड़ी जंगल में संदिग्ध अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सोमप्रकाश उर्फ सोमू साहू (42 वर्ष) पिता सुखऊ राम साहू, निवासी कोपरा के रूप में हुई है, जो 4 अप्रैल से लापता था। मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम होने के पश्चात नगर पंचायत कोपरा स्थानीय मुक्तिधाम में परिजनों ने युवक का दाह संस्कार किया। जानकारी के अनुसार, युवक का शव कोपरा से करीब 35 किलोमीटर दूर जंगल के अंदर फंदे पर लटका हुआ क्षत-विक्षत हालत में मिला। शव काफी हद तक डीकंपोज हो चुका था, जिससे मौके पर पोस्टमार्टम कर पाना संभव नहीं हुआ। सूचना मिलने पर छुरा पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। घटनास्थल के पास से भजिया-505 कीटनाशक दवा और शराब की तीन क्वार्टर बोतलें बरामद की गई हैं, वहीं मृतक की मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी मिली। आशंका जताई जा रही है कि युवक करीब डेढ़ किलोमीटर अंदर जंगल में गया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि शव की हालत को देखते हुए जंगली जानवरों द्वारा नुकसान पहुंचाने की संभावना भी व्यक्त की जा रही है।



डीएसपी निशा सिन्हा के मुताबिक, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन हर पहलू से जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज रायपुर भेजा गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसका अंतिम संस्कार 17 अप्रैल की शाम कोपरा मुक्तिधाम में किया गया। छुरा थाना प्रभारी पवन वर्मा ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर विस्तृत जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है।

## जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ नई सहकारी समिति का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला




ग्राम कुडेरादादर समिति का वर्चुअल शुभारंभ 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के हाथों हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत कृषि सभापति लेखराज ध्रुवा, अध्यक्षता मीरा ठाकुर जनपद अध्यक्ष छुरा, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। भुवेन्द्र मरकाम प्राधिकृत अधिकारी समिति रसेला, सुखराम ठाकुर सभापति सहकारिता विभाग जनपद, बिमला नागेश जनपद सदस्य, अतिथिगण शिवशंकर जयसवाल मंडल अध्यक्ष, नारायण सिंह ठाकुर किसान मोर्चा प्रवक्ता, परमेश्वर यादव भाजपा मंडल मिडिया प्रभारी, कृष्णा गुप्ता किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, सरपंच तुलेश्वर ध्रुव,विजय कृष्णा नागेश,रवि मरकाम सहित सभी ग्राम के पटेल और ग्राम प्रमुख मंच पर आसीन थे। लेखराज ध्रुवा ने कहा यहां पर नवीन समिति खुलने से आप लोगों के परिश्रम और मेहनत का फल है। जो भी व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष से समिति खोलने के लिए सहयोग किया है। साथ ही कहा सहकार से समृद्धि के संकल्प के तहत ग्रामीण किसानों को खाद,बीज और अल्पकालीन ऋण जैसी सुविधाएं गांव के गरीब उपलब्ध कराना। मीरा ठाकुर जनपद अध्यक्ष ने कहा कि ये समिति बहुउद्देशीय सोसायटी के रूप में कार्य करेगी, जिससे किसानों को धान बेचने में आसानी होगी। जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा नवीन समिति से तीनों पंचायतों के किसानों को ऋण,खाद,बीज तथा अन्य कृषि सुविधाएं अब स्थानीय स्तर पर सहज रूप से उपलब्ध होगी। ब्रांच मैनेजर खोमन सोम ने समिति की रूपरेखा एवं उसके लाभ हानि पर प्रकाश डालें। नवीन समिति कुडेरादादर में कुल तीन ग्राम पंचायत होंगे, जिसमें 6 ग्राम शामिल हैं, पंजीकृत सदस्य होंगे 539 और कुल रकबा 1144.45 इसमें ऋणी सदस्य 315 और ऋण राशि 12408212.50 है। नारायण सिंह ठाकुर समिति खोलने के लिए किस तरह से संघर्ष किया उसे मंच माध्यम से विस्तार पूर्वक बताया गया। सभी आमंत्रित अतिथियों को श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम पटेल घनश्याम साहू, कृष्णा ठाकुर, बृजलाल दीवान, बिसाहू राम नेताम, चंदर मरकाम,धरम भुजिया, केजू राम ध्रुव, कृष्णा साहू,सेवक राम साहू,झवर अग्रवाल,बालक मरकाम, भीखम साहू, दीपचंद साहू, ओमप्रकाश नागेश, समिति के कर्मचारी अनीस मेमन, अश्विनी साहू,कचरू निषाद,राजु नेताम, चंचल जगत, मिथलेश यादव,टेस निषाद, सभी जनप्रतिनिधियों और समस्त ग्राम प्रमुख व ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## पेज 3 के शेष...

### संसद में 33...

स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को अधिक प्राथमिकता मिलती। लोमेश्वरी कोमर्रा, कविता कोमर्रा,सुकारो ठाकुर ने केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि बिल पास होने से सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को मजबूत साबित होता।

### मुख्यमंत्री साय...

सुविधा मिल सके। विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता मिलेगी, कृषि उत्पादों के परिवहन में आसानी होगी और स्थानीय लोगों के लिए नए रोजगार के अवसर भी विकसित होंगे। उन्होंने ग्रामीणों से निर्माण कार्य में सहयोग देने और सड़क को सुरक्षित रखने की अपील भी की। पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा कि गरियाबंद जिले में सड़कों की बहुत आवश्यकता रही है। दूरस्थ अंचलों के ग्रामीणों को इससे लाभ मिलेगा। कलेक्टर बीएस उइके ने कहा कि नई सड़कें बनने से दूरस्थ क्षेत्रें में यातायात की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इससे ग्रामीणों की यातायात के साथ–साथ आर्थिक संपर्क भी मजबूत होगा। इससे दूरस्थ क्षेत्र को पक्की सड़क से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगा।

### दुलना मोड़ में...

पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक, चंपारण चौक, मैडम चौक और महानदी पुल पहले पारागांव-इंदिरा मार्केट वाला प्वाइंट काफी खतरनाक है। सबसे ज्यादा खतरनाक चंपारण की ओर मुड़ने पर बिजली ऑफिस के पहले चितावर माता मंदिर मोड़ का हिस्सा है जहां गाड़ियां मोड़ के कारण दिखती नहीं है और यहां दुर्घटना हो जाती है। दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण शहरीय क्षेत्र से गुजरते वक्त वाहन का रफ्तार में होना माना जा रहा है। इस पर स्वयं गाड़ी चालको को चिंतन करना चाहिए ताकि घटना-दुर्घटना से बचा जा सके।

### अवैध शराब और...

से न केवल परिवार सुरक्षित होंगे, बल्कि बच्चों का भविष्य भी सुधरेगा। पंचायत द्वारा यह भी तय किया गया है कि गाँव में एक निगरानी समिति बनाई जाएगी, जो इस फैसले के पालन पर नजर रखेगी। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी और दोषी व्यक्ति पर जुर्माना लगाया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, महिला कमांडो दल एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त भागीदारी रही। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि ग्राम क्षेत्र में जो भी व्यक्ति अवैध रूप से शराब या गांजा बेचते हुए पकड़ा जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 5000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। अभियान के तहत ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया तथा युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की गई। महिला कमांडो टीम और पुलिस प्रशासन ने गांव में सतत निगरानी बनाए रखने का आश्वासन भी दिया। ग्राम पंचायत ने कहा कि गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि समाज में सकारात्मक वातावरण कायम किया जा सके।

### पटवारी का रिश्वत...

का नेटवर्क निचले स्तर तक सीमित नहीं, बल्कि उच्च अधिकारियों तक फैला हो सकता है। वायरल क्लिप के एक हिस्से में पटवारी द्वारा बियर लाने जैसी बात भी सामने आई है, जिससे सरकारी कार्यशैली और नशाखोरी पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस पहलू ने मामले को और अधिक संवेदनशील बना दिया है। ऑडियो-वीडियो क्लिप वायरल होने के बाद क्षेत्र में लोगों का गुस्सा बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी पटवारी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस ऑडियो की जांच कर संबंधित पटवारी पर कार्यवाही होगी या इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा? फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन मामला तूल पकड़ता दिख रहा है।

### पारंपरिक खेती खत्म...

कि यदि जल प्रबंधन और निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, तो कुछ हद तक कछार की खेती को फिर से जीवित किया जा सकता है। लेकिन इसके लिए ठोस योजना और प्रशासनिक पहल जरूरी है। **बड़ी मात्रा में निर्यात होते था तरबूज और खरबूजा-** पूरे छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश के बड़े शहरों एवं विदेशों में भी राजिम के तरबूज एवं खरबूजे का निर्यात होता था। गर्मी के मौसम आते ही नवापारा, राजिम एवं देशवासियों को राजिम का स्वादिष्ट, मीठा एवं रसीले तरबूज का इंतजार रहता था। त्रिवेणी संगम की रेत में उगने वाला तरबूज इतना स्वादिष्ट होता था कि लोग चखकर राजिम के तरबूज का स्वाद जान जाते थे। राजिम के तरबूज की मांग एवं मूल्य भी बड़े शहरों में अधिक रहती थी। राजिम त्रिवेणी संगम में पुल के दोनों ओर नदी में कई किलोमीटर तक नवापारा राजिम के मेहनतकश किसान खासकर सोनकर समाज एवं पटेल समाज के लोग नदियों में बाड़ियां लगाकर तरबूज खरबूज की खेती करते थे।

### नवापारा में भगवान...

शुक्ल चौक, पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक, मां महामाया मंदिर, श्री राजीव लोचन मंदिर होते हुए रानी श्यामकुमारी धर्मशाला में समापन होगी। अध्यक्ष श्री शर्मा ने शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होने समाज के लोगों से आग्रह किया है। शोभायात्रा के समापन के बाद रानी धर्मशाला में भोजन प्रसादी होगा।

## मैनपुर और देवभोग क्षेत्र में गर्मी में लो-वोल्टेज की मार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के वनांचल क्षेत्रों में इन दिनों आसमान से बरसती आग के बीच बिजली की लचर व्यवस्था ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भीषण गर्मी में लो-वोल्टेज और बार-बार हो रही बिजली कटौती के कारण पंखे, कूलर और एसी शो-पीस बनकर रह गए हैं। हालात यह हैं कि लो-वोल्टेज की वजह से न तो बोर से पानी निकल पा रहा है और न ही इंडक्शन जैसे जरूरी उपकरण चल पा रहे हैं।



क्षेत्र की गंभीर समस्या को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप की मांग पर बिजली विभाग के आला अधिकारियों ने बुधवार को प्रभावित इलाकों का दौरा किया। अधीक्षण यंत्री वाय.के. मनहर और कार्यपालन यंत्री एच.के. ठाकुर ने इंदागांव स्थित 132 केवी सब-स्टेशन सहित विभिन्न उपकेंद्रों का जायजा लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अफसरों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि गर्मी के इस मौसम में बिजली न होने से ग्रामीण पेयजल और निस्तारी के लिए भी तरस रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, देवभोग ब्लॉक के 105 गांवों में पिछले 4 वर्षों में बिजली की खपत दोगुनी हो गई है। साल 2023 में 132 केवी लाइन शुरू होने के बाद घरों में एसी, कूलर और खेती के लिए पंपों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। पहले जहां प्रतिमाह 52 लाख रुपये की बिजली खपत होती थी, वह अब बढ़कर सवा करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। इसी बढ़ते लोड के कारण अब इंदागांव स्टेशन में वोल्टेज 85 से 90 केवी तक ही पहुंच पा रहा है। कार्यपालन अभियंता एच.के. ठाकुर ने बताया कि वोल्टेज सुधारने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इंदागांव और देवभोग सब-स्टेशन में एक सप्ताह के भीतर कैपेसिटर बैंक लगाए जाएंगे। वोल्टेज मैनेजमेंट के लिए देवभोग उपकेंद्र के विभिन्न फीडरों में 1-1 घंटे की कटौती की जाएगी। विभाग ने पंप कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं से भी अपने व्यक्तिगत पंपों में कैपेसिटर लगाने की अपील की है।

### भीषण गर्मी से क्षेत्र का तापमान हुआ 46 डिग्री

**रसेला।** अंचल में इन दिनों भीषण गर्मी और लू का तांडव जारी है। पिछले दो दिनों से सूरज के तेवर इतने तल्ख हैं कि आसमान से आग बरसती महसूस हो रही है। क्षेत्र का तापमान 41 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। बढ़ती उमस और गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों का घरों से निकलना मुहाल कर दिया है, जिसका सीधा असर अब बाजारों और व्यापार पर भी दिखने लगा है। चिलचिलाती धूप के कारण दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। लोग केवल अत्यंत आवश्यक होने पर ही पूरी सावधानी के साथ घरों से बाहर निकल रहे हैं। इस प्रचंड गर्मी की मार केवल इंसानों पर ही नहीं, बल्कि बेजुबान पशु-पक्षियों पर भी पड़ रही है। घरों के झरोखों में बैठने वाली गौरैया और कबूतर गर्मी से बेहाल हैं, वहीं आवारा कुत्ते भी छांव की तलाश में इधर-उधर दुबके नजर आ रहे हैं।

गर्मी के बढ़ते प्रकोप और लू की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने एहतियाती कदम उठाए हैं। सरकार ने आगामी 20 अप्रैल से सभी स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी हैं, ताकि बच्चों को इस जानलेवा गर्मी से बचाया जा सके।



**खबर संक्षेप**

### महतारी वंदन ई-केवायसी के साथ महिलाओं के लिए नया फॉर्म जारी करें सरकार

**कोपरा।** ग्राम कसेरुडीह युवा सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू ने सरकार से मांग की है कि प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना का केवायसी की जा रही है, तो साथ साथ नवविवाहित महिलाओं के लिए नया आवेदन फॉर्म भी भरे, क्योंकि सरकार की महतारी वंदन योजना एक



महत्त्वाकांक्षी योजना में से एक है। प्रति महीना एक हजार रुपए महिलाओं के खाते में आ रहे हैं, लेकिन नवविवाहित महिलाएं भी आस लगाए बैठे हैं कि कब नया आवेदन फॉर्म सरकार भरेंगे तो हम भी महतारी वंदन योजना का लाभ लेंगे अभी ईकेवायसी किया जा रहा है जिसमे बहुत भीड़ लगा हुआ है, पात्र विवाहित महिलाओं को हर माह एक हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान करती हैं। यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने उनके स्वास्थ्य, पोषण में सुधार करने और परिवार में निर्णायक भूमिका को मजबूत करने का कार्य कर रही है, तो सरकार से निवेदन किया जाता है कि महिलाओं के सम्मान में नवविवाहित महिलाओं को भी नया आवेदन फॉर्म भराकर महतारी वंदन योजना का लाभ तत्काल दें।

### मुक्तिधाम सेवा समिति ने किया वृद्धा का अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** आशियाना वृद्धा आश्रम में हितग्राही बुधिया बाई साहू के आकस्मिक निधन पश्चात मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें राजू चंद्राकर, डॉक्टर जितेंद्र शुक्ला, ओमप्रकाश ओसर, गुमान जैन, फगुआ पटेल, संजय साहू, मनोज पटेल, सुरेश साहू, डॉ एजाज नक़वी, रुचि ठाकुर सहित स्टाफ मौजूद रहे। आदि मौजूद रहे।

### ख्याति को 976% अंग

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा निवासी बिरकोनी इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष जितेंद्र चंद्राकर की सुपुत्री ख्याति चंद्राकर ने कक्षा 10वीं सीबीएसई 97.6 प्रतिशत प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की। इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अरंड में ई-केवायसी के लिए लगी महिलाओं की भीड़

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में शासन द्वारा महतारी वंदना की ई केवाईसी करने के लिए महिलाएं अपना आधार कार्ड नंबर लेकर ग्राम पंचायत भवन में पहुंची। जहां महिलाओं की भीड़ लग गई। ग्राम के सरपंच दिगंबर पटेल, देवराज सिंह ठाकुर, दिनेश दुबे, हरिशंकर बरिहा, हेम प्रसाद साहू, कामनी बाई निर्मलकर, मिलो बाई ध्रुव, दशमत बाई ध्रुव, सेवा बाई ध्रुव आदि मौजूद रहे।

### निःशुल्क किडनी व पथरी ऑपरेशन शिविर कल

**महासमुंद।** आगामी रविवार 19 अप्रैल 2026 को सोहम हॉस्पिटल में निःशुल्क किडनी व पथरी ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. आकाश अग्रवाल (यूरोसर्जन) परामर्श देंगे। यह शिविर सुबह 10 से 1 तक चलेगा।

**निधन**

### जीवन लाल ठाकुर

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम मड़ेली निवासी जीवन लाल ठाकुर का 15 अप्रैल को निधन हो गया। वे सेवानिवृत्त शिक्षक मोहन लाल



ठाकुर के बड़े भाई थे। अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम मड़ेली में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, समाज के लोग एवं परिवारजन उपस्थित रहे। अंतिम संस्कार में ओमप्रकाश, देवानंद, देवेन्द्र, पुणेन्द्र, यशवंत, हुमेश, गुलशन, पोखराज ठाकुर सहित समस्त ठाकुर परिवार के सदस्य शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विडंबना : नक्सलमुक्त होने के बाद अब ग्रामीणों में विकास को लेकर नई उम्मीद

# मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे ओडिशा सीमा से लगे गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

**पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, मोबाइल टावर जैसे समस्याओं से जकड़ा क्षेत्र**



गरियाबंद जिले के मैनपुर आदिवासी विकासखंड दूरस्थ वनांचल में बसे ग्राम आजादी के 79 वर्षों बाद भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित होने के कारण विकास क्रम से पिछड़ गया है। अब प्रदेश के साथ गरियाबंद जिला भी नक्सल मुक्त होने से इस क्षेत्र के लोगों में विकास को लेकर एक उम्मीद की किरण जगी है। मैनपुर से लगभग 36 किमी दूर ग्राम पंचायत कुचेंगा जो ओड़िशा सीमा से लगा हुआ है। इस ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम गाजीमुड़ा, मौहानाला, भाठापानी, गरीबा है और यहां की जनसंख्या लगभग 5630 बताई जाती है। आदिवासी बहुल्य यह ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम जो ओड़िशा सीमा से लगा हुआ है। आज तक इन ग्रामों में बिजली की रोशनी नहीं पहुंची है, बिजली लगाने के लिए इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने कई बार धरना प्रदर्शन आंदोलन चक्काजाम कर चुके हैं, हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला है। कहने को तो गांव में सौर उर्जा लगाया गया है, लेकिन वह फ्लॉप साबित हुआ है। शाम को एक दो घंटे चलने के बाद पूरी रात ग्रामीणों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ता है। आज भी इस क्षेत्र के लोग चिमनी और लालटेन के भरोसे जीवन यापन करते हैं। इस क्षेत्र में उन्नत खेती के तहत किसान मक्का दलहन तिलहन की फसल लेते हैं, लेकिन कृषि विभाग द्वारा उन्हें जो मार्गदर्शन मिलना चाहिए नहीं मिल पाता। अधिकांश ग्रामीण वनोपज के सहारे जीवन यापन कर रहे है। कहने को तो गांव में लाखों खर्च कर पानी का ओवरहैड टैंक बनाया गया है, लेकिन पिछले तीन वर्षों से यह चालू ही नहीं हो पाया है। कारण बिजली नहीं होने के कारण ओवर हैड टैंक बंद पड़ा हुआ है और एक सफेद हाथी साबित हो रहा है।



### राशन के लिए लंबी दूरी तय करते हैं ग्रामीण

ग्राम पंचायत कुचेंगा के आश्रित ग्राम जो ओडिशा सीमा से लगा हुआ है। गाजीमुड़ा, गरीबा, भाठापानी, मौहानाला यहां के ग्रामीणों को राशन लेने के लिए कुचेंगा पहुंचना पड़ता है, लेकिन आश्चर्य है कि कहने को तो रिकार्ड में तीन माह का राशन दिया जा रहा है, लेकिन सोसायटी में चावल खत्म हो चुका है और आज चावल लेने के लिए सुबह से सैकड़ों लोगों की भीड़ राशन दुकान में लगी हुई है, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इस संबंध मे सेल्समेन ने बताया दो दिनों के भीतर राशन पहुंच जायेगा, पहले जो राशन आया था वह वितरण किया जा चुका है। यहां कहने को तो उपस्वास्थ्य केन्द्र है लेकिन एक ही स्वास्थ्य कर्मचारी तैनात नहीं किया गया है, जिसके कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने यहां पर्याप्त स्वास्थ्य कर्मचारी तैनात करने की मांग की है।

**स्कूल भवनों की स्थिति बेहद खराब है-** स्कूल जतन योजना के तहत तीन स्कूल भवन अधूरे पड़े हुए हैं और कुछ खपरैल वाले स्कूल की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से स्कूल भवन निर्माण को पूरा करने की मांग की जा रही है, लेकिन इस गंभीर समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। सरपंच दीनाचंद मरकाम, उपसरपंच बुध्दूराम मरकाम, जानकी विश्वकर्मा, कमला मरकाम, नककुमार नागेश, भगवान नेताम, परसुराम नेताम, सुकबती नेताम, रमुलाबाई नेताम, मंगली बाई, मानबाई मरकाम, सुकली बाई विश्वकर्मा, रजंतीन बाई, राधेश्याम नेताम ने बताया कि यहां के ग्रामीणों को पेयजल के साथ ही बिजली और मूलभूत सुविधा की बेहद जरूरत है।

**सरपंच दीनाचंद मरकाम ने बिजली लगाने की मांग की-** ग्राम पंचायत कुचेंगा के सरपंच दीनाचंद मरकाम ने बताया आज छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 26 वर्षों बाद भी हमारे गांव और पूरे पंचायत क्षेत्र के लोग बिजली लगाने की मांग को लेकर थक चुके हैं। यहां बिजली लगाना बेहद जरूरी है। साथ ही उन्होंने पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करते हुए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ज्ञापन देने की बात कही है।

## कृषि अनुसंधान केंद्र में मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती



**फिंगेश्वर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, फिंगेश्वर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर की जयंती मनाई गई। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। जयंती के उपलक्ष्य में छात्र–छात्राओं एवं रा.से.यो. स्वयंसेवकों के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता प्रमुख रहे। प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन, सामाजिक योगदान एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति युवाओं को जागरूक करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान की भावना के अनुरूप महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने तथा उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करने के संकल्प के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन रा.से.यो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमेश ठाकुर एवं लोकेश चंद्रवंशी द्वारा कराया गया।

## भाजपा ने जरूरतमंदों को बांटी ट्रायसिकल, व्हीलचेयर और बैसाखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



**प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों को मिला आश्वासन**

ग्राम पंचायत डूमरबहाल में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक सकारात्मक पहल पेश की। आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांग हितग्राही संजु सोनवानी ने आवास के साथ–साथ सहायक उपकरणों की मांग रखी, जिस पर प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए शीघ्र कार्रवाई की। कार्यक्रम के महज दो दिन बाद ग्राम पंचायत डूमरबहाल के बारीकपारा में छत्तीसगढ़ शासन की योजना के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा जरूरतमंदों को ट्रायसायकिल, व्हीलचेयर एवं बैसाखी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं रायपुर ग्रामीण जिला सहप्रभारी चवन लाल बघेल उपस्थित रहे, जिनके करकमलों से हितग्राहियों को सामग्री प्रदान की गई। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मोर आवास मोर अधिकार योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों ने भी अपनी समस्याएं रखीं। संजु सोनवानी पिता साबेश, जाति गांडा एवं विधवा श्रीमती भोजमनी यदु पति स्व. लखन यदु, जाति रावत ने अपने जर्जर कच्चे मकानों की स्थिति बताते हुए कई बार आवेदन के बावजूद आवास न मिलने की पीड़ा व्यक्त की। संजु सोनवानी, जो पैर में चोट के कारण बैसाखी के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं, ने बताया कि बारिश के समय कच्चे मकान में रहना बेहद कठिन हो जाता है और उन्हें पड़ोसियों के यहां शरण लेनी पड़ती है। उनकी स्थिति ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। इस मौके पर चवन लाल बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य हर गरीब को पक्का मकान उपलब्ध कराना है, ताकि उनका जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक बन सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोनों हितग्राहियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा और उन्हें जल्द ही आवास सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत डूमरबहाल के सरपंच दुखलेश्वर धुर्वा, जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी डॉ. मनीष सिन्हा, झाखरपारा मंडल अध्यक्ष भगवानों बेहरा, बूथ अध्यक्ष नरेश पात्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बोलेरो पलटने से नगर के युवक की गई जान

# 24 घंटे में दो सड़क हादसे में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नेशनल हाईवे में मैनपुर- देवभोग में बोलेरो वाहन पलटने से नगर के एक युवक की मौत हो गई। नगर का रविकांत सोनी उम्र 34 वर्ष अपने बोलेरो वाहन सीजी 04 एमएल 4939 से अपने घर आ रहा था। रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच नगर से महज 3 किमी पहले फुलझर घाटी में वाहन अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसकी मौत हो गई।



मिली जानकारी के अनुसार रविकांत सोनी अपने बोलेरो वाहन से क्रेडा विभाग के कर्मचारियो को शोभा गौरगांव क्षेत्र में सोलर सुधार कार्य में लेकर गया था। गुरुवार रात अपने घर लौट रहा था, तेज अनियंत्रित वाहन फुलझर मोड़ में पत्थर से टकराई और पलट गई। वाहन पलटने से उसमें नगर के युवक रविकांत सोनी की मौत हो गई। ज्ञात हो कि रविकांत सोनी मैनपुर जयंतीनगर निवासी है। उनके दो छोटे – छोटे बच्चे हैं। शुक्रवार को उनके शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौप दिया गयाा है। वहीं बोलेरो में सवार दो अन्य लोग घायल हो गए, जिनका उपचार किया जा रहा है।




**बाइक फिसलने से एक ने तोड़ा दम-** गुरुवार को ही शाम 4 बजे के आसपास मैनपुर क्षेत्र के पयलीखण्ड जांगड़ा निवासी परमानंद कोटिया मोटर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। नेशनल हाईवे 130 सी मोटर साइकिल के फिसल जाने से गिरकर उनकी मौत हो गई। 24 घंटे के भीतर क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो लोगो की दर्दनाक मौत की घटना सामने आई है।

## बाइक से गिरकर ग्रामीण घायल प्राइवेट वाहन से लाए अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नेशनल हाईवे 130 सी में मैनपुर- देवभोग मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को बम्हनीझोला के पास एक ग्रामीण मोटर साइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ग्रामीण को इलाज के लिए एंबुलेंस सुविधा नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने प्राइवेट वाहन से मैनपुर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अमली निवासी बाबुलाल सोरी जो राजमिस्त्री का कार्य करता है। शुक्रवार को मैनपुर क्षेत्र में अपने किसी कार्य से आया था। वापस लौटते समय नेशनल हाइवे 130 सी बम्हनीझोला के पास मोटर साइकिल से गिर गया, जिससे उसके सिर और चेहरे में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद भारी भीड़ लग गई। लोगों ने संजीवनी एक्सप्रेस को फोन लगाया लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंचने के कारण ग्रामीणों ने उन्हें प्राइवेट वाहन से मैनपुर अस्पताल इलाज के लिए लेकर आए।



## कलेक्टर अविनाश पहुंचे बुड़ेनी, भेण्डरी में किया गौशाला, रीपा सेन्टर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी



धमतरी कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने बुड़ेनी, भेण्डरी के गौशाला एवं रीपा सेन्टर का निरीक्षण किया। इस दौरान मूंगफली का खेती कर रहे बुड़ेनी के किसान टिकेश्वर साहू से बातचीत की। किसान ने कलेक्टर को बताया कि मूंगफली की खेती से अच्छा लाभ प्राप्त होता है। वहीं दो वर्षों से संचालित भेण्डरी बांइट फ्यूचर ऐकडेमी द्वारा गौसंवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। यहां सौ से भी अधिक मवेशियों की देखभाल कर गौ माता की सेवा की जा रही है। इन्हें शासन के योजना के तहत 5 लाख की अनुदान राशि देने के लिए आश्वासन दिया। गांव के नीलेश साहू ने युवाओं के लिए पुस्तकालय लाइब्रेरी और जिम सेंटर की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर ने आश्वासन दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिलाओं के डिलीवरी की सुविधा नहीं मिलने की बात रखी गई। इस पर उचित कार्रवाई की बात कही। डोम सेन्टर में आधार सीड्स धान बीज का निरीक्षण कर वहां मजदूरों का हाल चाल पूछा। साथ ही रीपा सेन्टर, मशरूम उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया। इसमें महिला समूहों को रोजगार से जोड़ने आदेशित किया। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, सरपंच राजेश्वरी-आनंद पटेल, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा, ग्राम सचिव कामता साहू,लेखराम साहू, भगवान दास साहू, सरपंच प्रतिनिधि आनंद पटेल, संतोष देवांगन, टेमन साहू, जनपद सीईओ दिव्या ठाकुर, केएस नरेटी, नायब तहसीलदार चित्रसेन साहू, महिला बाल विकास अधिकारी सुमीत गंडेचा, पटवारी संतोष देवांगन, सचिव छबि विनायक मौजूद थे।

## छतों और पेड़ों पर दाना-पानी रख पेश की मानवता की मिसाल

# गर्मी में बेजुबानों के मसीहा बने डॉ. प्रीतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गर्मी का मौसम जैसे-जैसे अपने चरम पर पहुंच रही है, वैसे-वैसे इसका असर केवल इंसानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि बेजुबान पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं के जीवन पर भी गंभीर रूप से दिखाई देने लगा है। आसमान से बरसती आग और लगातार बढ़ते तापमान के कारण तालाब, नाले और छोटे जलस्त्रोत सूखने लगे हैं, जिससे पक्षियों के सामने पानी का संकट गहराता जा रहा है। ऐसे कठिन समय में छुरा नगर के डॉ. प्रीतम ने एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल करते हुए पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था कर मानवता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी डॉ. प्रीतम ने अपने घर, बाड़ी और आसपास के पेड़ों पर नारियल की खटोली, मिट्टी के छोटे पात्र और पुरानी प्लास्टिक बोतलों का उपयोग कर पक्षियों के लिए पानी और दाना रखने की व्यवस्था की है। गर्मी के इस भीषण दौर में यह छोटा सा प्रयास पक्षियों के लिए किसी जीवनदान से कम नहीं है। सुबह होते ही विभिन्न प्रजातियों के पक्षी इन पात्रों के पास पहुंचकर पानी पीते और दाना चुगते दिखाई देते हैं, जिससे यह पहल और भी सार्थक बन जाती है।



डॉ. प्रीतम का कहना है कि गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी उन बेजुबान पक्षियों को होती है, जो अपने लिए पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते रहते हैं। शहरों और गांवों में पेड़ों की लगातार कटाई तथा जलस्त्रोतों के सूखने से पक्षियों का जीवन संकट में पड़ गया है। ऐसे में यदि हर व्यक्ति अपने घर की छत, आंगन, दुकान या कार्यस्थल पर एक छोटा पात्र पानी का रख दे, तो हजारों पक्षियों की प्यास बुझाई जा सकती है।

उनकी इस पहल से नगर के कई लोग भी प्रभावित हो रहे हैं और धीरे-धीरे पक्षियों की सेवा के लिए आगे आ रहे हैं। डॉ. प्रीतम लोगों से अपील कर रहे हैं कि वे केवल गर्मी के मौसम में ही नहीं बल्कि वर्षभर जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील रहें और प्रकृति संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाएं।

यह पहल केवल पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देती है कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति करुणा रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। आज जब पर्यावरणीय असंतुलन लगातार बढ़ रहा है, तब इस तरह के छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

डॉ. प्रीतम की यह अनूठी पहल निश्चित रूप से प्रेरणादायक है, जो हमें सिखाती है कि इंसानियत केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उन बेजुबान जीवों तक भी पहुंचनी चाहिए जो बोल नहीं सकते, परंतु हमारी संवेदनाओं को समझते हैं। गर्मी के इस मौसम में यदि हर व्यक्ति एक कटोरी पानी पक्षियों के लिए रखे, तो यह उनके लिए जीवन की सबसे बड़ी सौगात बन सकती है।

